दिन–शुक्रवार दिनांक– 07 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। एनडीए के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति को घटक दलों का समर्थन पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। राष्ट्रपति आज शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित कर सकती हैं।

————————————————————————

इससे पूर्व एनडीए संसदीय दल की बैठक में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया। श्री सिंह के प्रस्ताव का केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी घटक दलों ने समर्थन किया। श्री मोदी के नाम का प्रस्ताव करते हुए श्री सिंह ने कहा कि वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन कोई मजबूरी नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए संसदीय दल की बैठक में बैठे नेताओं की नहीं बल्कि इस देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की इच्छा है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि अब हम सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन करते हुए कहा कि देश उनके नेतृत्व में और आगे बढेगा। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। इस अवसर पर भाजपा

अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एनडीए को लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में बहुमत मिला है, जो ऐतिहासिक है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एनडीए भारत की असली आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि एनडीए का मतलब न्यू, डेवलप और एस्पिरेशनल इंडिया है। श्री मोदी आज एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद घटक दलों के सांसदों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में लोगों से किए गए सभी वायदों को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार एक निश्चित रोड मैप के तहत तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश ने एनडीए सरकार के गरीब कल्याण और सुशासन को देखा है और इसलिए लोगों ने एक बार फिर एनडीए पर अपना भरोसा जताया। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए दलों का जमावड़ा नहीं बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना से जुड़ा एक समूह है। उन्होंने विपक्षी दलों से भी खुले मन से देश के विकास के लिए काम करने की अपील की। श्री मोदी ने एनडीए के घटक दलों द्वार उनपर एक बार फिर से भरोसा जताने के लिए धन्यवाद दिया।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। नई दिल्ली में पार्टी सांसदों की हुई बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुना गया। इधर, जदयू संसदीय दल की बैठक में सांसदों ने पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार को संसदीय दल का नेता चुनने के लिए अधिकृत किया।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में सुपौल के जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मंजूर आलम को निलंबित कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी भागों में शुष्क पछुआ हवा और आर्द्रता में बढ़ोतरी होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। वहीं, राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।